**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक प्र06-रा0कू0(मुद्रण)-01/15 4409 /खाद्य,पटना/दिनांक 01.06.15

प्रेषक,

रमाशंकर प्र0 दफ्तुआर,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना,
अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, पटना
सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी ।

विषय :- मुद्रित राशन एवं किरासन तेल कूपन के प्राप्ति के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय विभागीय पत्र सं0- 3540 दिनांक 20.04. 2015 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि राशन एवं किरासन तेल कूपन की आपूर्ति संबंधित प्रेस द्वारा मई 2015 के द्वितीय सप्ताह से जून 2015 के अंतिम सप्ताह तक सीधे जिलों में योजनावार मुद्रित कूपनों की आपूर्ति की जाएगी। इस संदर्भ में प्रेस द्वारा अभी तक भागलपुर, कटिहार, लखीसराय, अररिया, सहरसा एवं मधेपुरा जिलों में मुद्रित कूपनों को पहुँचाया जा चुका है एवं शेष जिलों में इसे उपलब्ध कराया जा रहा है । कूपन के रख-रखाव, वितरण आदि हेतु अग्रिम कार्य योजना/व्यवस्था करने, मुद्रित कूपनों के प्राप्त होने पर सारी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से ही सुनिश्चित कर लेने के साथ-साथ कूपन प्राप्त होने पर इसमें किसी प्रकार की त्रुटि अथवा अन्य कमी दृष्टिगोचर होने पर सीधे संबंधित प्रेस से पत्राचार करने एवं विभाग को भी अवगत कराया हेतु आग्रह पूर्व में किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जुलाई, 2015 से कूपन के माध्यम से राशन एवं किरासन का वितरण कराने का निर्णय लिया गया है । अतः माह जुलाई, 2015 से राशन एवं किरासन का वितरण कूपन के माध्यम से करानें हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया है ।

अतः अनुरोध है कि मुद्रक द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे कूपन को शीघ्र प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय ।

विश्वासभाजन,
ह0/- 1/6/15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-रा0कू0(मुद्रण)-01/15 4409 /खाद्य,पटना/दिनांक 1.6.15

प्रतिलिपि - सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 1/6/15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-रा0कू0(मुद्रण)-01/15 4409 /खाद्य,पटना/दिनांक 1.6.15

प्रतिलिपि - एसोसिएट वाईस प्रेसीडेंट, मनीपाल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, रजिस्टर्ड ऑफिस उदयवाणी बिल्डिंग मनीपाल, कर्नाटक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 1/6/15
सरकार के संयुक्त सचिव ।

C:\Users\supply\Desktop\Ration Coupon-2015-16.doc